
# एक बच्चे के लिए सरल एपेन्डेक्टॉमी।

## Simple Appendectomy for a Child

Appendectomy is a surgery to remove the appendix. The appendix is a small pouch that attaches to the large intestine. The appendix sometimes gets blocked and becomes infected and swollen. Signs of an infected appendix include abdominal pain in the lower right side, fever, poor appetite, nausea, and vomiting. If the appendix bursts, it can make you very sick. To do this surgery, the doctor will make 1 to 3 small incisions or cuts in the abdomen (belly).




एपेन्डेक्टॉमी एपेन्डिक्स को हटाने के लिए एक सर्जरी है। एपेन्डिक्स एक छोटी-सी थैली होती है जो बड़ी आँत से जुड़ी होती है। एपेन्डिक्स कभी-कभी अवरुद्ध हो जाता है और संक्रमित हो जाता है तथा सूज जाता है। संक्रमित एपेन्डिक्स के लक्षणों में उदर के निचले दाहिने भाग में दर्द, बुख़ार, भूख में कमी, मतली और उलटी शामिल हैं। यदि एपेन्डिक्स फट जाता है, तो यह आपको बहुत बीमार कर सकता है। यह सर्जरी करने के लिए डॉक्टर पेट में 1 से 3 छोटे चीरे या कट लगाएगा।

## To Prepare

- Tell your doctor what medicines  and dosages your child is taking, including prescriptions, over the counter medicines, vitamins, and herbs.
- If your child has any allergies to medicines, foods, or other things, tell the staff.
- A nurse will give you eating and drinking directions.
- Have your child bring a favorite comfort object with them. This could be a toy, a pacifier, or a blanket.
- If you know you are having this surgery ahead of time, talk to your child about it. Tell them as much as they can understand and let them ask questions. Stay calm and confident. Children can sense your feelings.

## तैयारी करने के लिए

- अपने डॉक्टर को बताएँ कि आपका बच्चा कौन सी दवा की कितनी खुराक ले रहा है जिनमें नुस्खे वाली दवाएँ, बिना नुस्खे वाली दवाएँ, विटामिन्स और जड़ी-बूटियाँ शामिल हैं।
- यदि आपके बच्चे को दवाओं, खाद्य पदार्थों या अन्य चीज़ों से कोई भी एलर्जी है, तो स्टाफ़ को बताएँ।
- एक नर्स आपको खान-पान के निर्देश देगी।
- क्या आपका बच्चा अपने साथ पसंदीदा मन बहलाने वाली वस्तु लेकर आया है। यह कोई खिलौना, चुसनी या कंबल हो सकता है।
- यदि आपको पता है कि यह सर्जरी समय से पहले हो रही है, तो इसके बारे में अपने बच्चे से बात करें। वह जितना समझ सकता है उसे सब बताएं और उसे प्रश्न पूछने दें। शांत और विश्वस्त रहें। बच्चे आपकी भावनाओं को भाँप सकते हैं।

## During Surgery

- Your child will wear a hospital gown.
- An IV (intravenous) line is put into a vein for giving medicine and fluids.
- Your child will be given medicine, so he or she will sleep through the surgery. The medicine will be given through the IV or a face mask.
- The abdomen is cleaned and sheets are put over your child to keep the surgery area clean.
- Incisions are made in your child's abdomen.
- The appendix is removed.
- The incisions are then closed with:
  - ❑ Gauze and tape dressing
  - ❑ Steri-Strips™, a special tape
  - ❑ Dermabond®, a special glue
- A transparent dressing, called Opsite, or bandages may be placed over the wounds.

## सर्जरी के दौरान

- आपका बच्चा अस्पताल का गाउन पहनेगा।
- दवा और तरल पदार्थ देने के लिए आपकी नस में IV (अंतःशिरा) लाइन डाली जाती है।
- आपके बच्चे को दवा दी जाएगी, ताकि आपका बच्चा सर्जरी के दौरान सोए। दवा IV (अंतःशिरा) या फेस मास्क के जरिए दी जाएगी।
- पेट को साफ़ किया जाता है और सर्जरी वाले भाग को साफ़ रखने के लिए आपके बच्चे के ऊपर चादरें डाल दी जाती हैं।
- आपके बच्चे के पेट में चीरा लगाया जाता है।
- एपेन्डिक्स निकाल दिया जाता है।
- चीरे को इनके द्वारा बंद किया जाता है:
  - ❑ गॉज़ और टेप की ड्रेसिंग
  - ❑ Steri-Strips™, एक विशेष टेप
  - ❑ Dermabond®, एक विशेष गोंद
- एक पारदर्शी ड्रेसिंग, जिसे ऑप्साइट या पट्टियाँ कहा जाता है, जिन्हें घावों पर लगाया जा सकता है।

## After Surgery

### In the Hospital

Your child is taken to the Post Anesthesia Care Unit (PACU) and watched closely until they wake up and are doing well.

- Your child's breathing, blood pressure, and pulse are checked often.
- Your doctor will talk to you about your child's surgery.
- Your child will need to get up and walk around after surgery. This helps "wake up" the bowels, and helps with your child's breathing and blood flow.
- Your child may be able to go home the same day as surgery if they can walk, pain is controlled by medicine taken by mouth, and they can drink clear liquids.

## सर्जरी के बाद

### अस्पताल में

आपके बच्चे को पोस्ट अनेस्थीसिया केयर यूनिट (PACU) ले जाया जाता है और उनके जागने और उनके ठीक होने तक उनपर करीब से नज़र रखी जाती है।

- आपके बच्चे की साँस की गति, रक्तचाप और नाड़ी की अकसर जाँच की जाती है।
- आपका डॉक्टर आपके बच्चे के परीक्षण परिणामों के बारे में आपसे बात करेगा।
- सर्जरी के बाद आपके बच्चे को उठना और चलना होगा। इससे आंतों को "सक्रिय" होने में मदद मिलती है, और सांस लेने और रक्त प्रवाह में आपके बच्चे की मदद करता है।
- आपका बच्चा यदि चल सकता है तो वह सर्जरी के दिन ही घर जाने योग्य हो सकता है, खाने वाली दवा के द्वारा दर्द नियंत्रित होता है, और वह रंगहीन तरल पदार्थ पी सकता है।

- Medicines given during the surgery will make your child sleepy. Your child should be watched closely for 24 hours after you go home.

## At Home

- Your child should get plenty of rest.
- Give medicines as directed by your doctor.
- Call your child's doctor's office to schedule a follow up visit.
- Follow the instructions given to you on how to care for your child's incisions.
    - ❑ **Steri-Strips™**: The tapes will fall off on their own. Do not remove them unless the doctor says that it is okay.
    - ❑ **Dermabond®**: The glue will loosen in 1 to 2 weeks from your child's skin as your child's wounds heal. Do not remove or put ointments or creams on it.
    - ❑ **Opsite**: Leave this dressing in place. It will fall off on its own in 1 to 2 weeks. Do not remove unless your child's doctor says that it is okay.
- Your child may take a shower or sponge bath. Do not let your child take a tub bath or swim for 1 week after surgery. Carefully wash the incisions with soap and water and pat dry.
- Your child may need to do deep breathing and coughing exercises to keep the lungs clear.
- Your child should not lift objects over 10 pounds or play competitive sports for 2 weeks after surgery.
- Talk to your child's doctor or nurse about other activity limits. Your child should be able to return to normal activities in about 2 to 3 days.

- सर्जरी के दौरान दी जाने वाली दवाओं से आपके बच्चे को नींद आएगी। आपके घर जाने के 24 घंटे बाद तक आपके बच्चे को गहन निगरानी में रखा जाना चाहिए।

## घर पर

- आपके बच्चे को खूब आराम करना चाहिए।
- अपने डॉक्टर के निर्देशानुसार दवाएँ दें।
- फॉलोअप विज़िट निर्धारित करने के लिए अपने बच्चे के डॉक्टर को कॉल करें।
- अपने बच्चे के चीरे की देखभाल कैसे करें, इस बारे में आपको दिए गए निर्देशों का पालन करें।
    - ❑ **Steri-Strips™**: टेप अपने आप गिर जाएँगे। जब तक डॉक्टर न कहे कि ऐसा करना ठीक है, तब तक उन्हें न हटाएं।
    - ❑ **Dermabond®**: आपके बच्चे के घाव ठीक होने के साथ, गोंद आपके बच्चे की त्वचा से 1 से 2 सप्ताह में ढीला हो जाएगा। उसे न हटाएँ या उस पर मलहम या क्रीम न लगाएं।
    - ❑ **ऑप्साइट:** इस ड्रेसिंग को उसकी जगह पर छोड़ दें। यह 1 से 2 सप्ताह में अपने आप गिर जाएगा। जब तक आपके बच्चे का डॉक्टर न कहे कि ऐसा करना ठीक है, तब तक उन्हें न हटाएं।
- आपका बच्चा शॉवर या स्पंज बाथ ले सकता है। सर्जरी के बाद अपने बच्चे को 1 सप्ताह तक टब में नहाने या तैरने न दें। चीरों को साबुन तथा पानी से सावधानीपूर्वक धोएँ और उन्हें थपकी लगाकर सूखाएँ।
- फेफड़ों को साफ रखने के लिए आपके बच्चे को गहरी सांस लेने और खांसने के व्यायाम करना पड़ सकता है।
- सर्जरी के बाद 2 सप्ताह तक आपके बच्चे को 10 पाउंड से अधिक वज़न की वस्तुओं को नहीं उठाना चाहिए या प्रतिस्पर्धी खेल नहीं खेलना चाहिए।
- अन्य गतिविधि संबंधी सीमाओं के बारे में अपने बच्चे के डॉक्टर या नर्स से बात करें। आपके बच्चे को लगभग 2 से 3 दिनों में सामान्य गतिविधियों में लौटने में सक्षम हो जाना चाहिए।

## When to Call the Doctor

- Incision becomes red
- Incision becomes more tender or swollen
- Child vomits more than 1 time
- Child can't have a bowel movement (poop)
- Incision begins to pull apart
- There is new drainage around the incision
- Child's stomach is distended (full and firm) and it is painful
- Child's pain can't be controlled by medicine they were told to take
- Child has a fever over 100.8º Fahrenheit (F) or 38.2º Celsius (C)

**Talk to your doctor or nurse if you have any questions or concerns.**

## डॉक्टर को कब बुलाना है

- चीरा लाल हो जाए
- चीरा अधिक नरम या सूजा हुआ हो जाए
- बच्चा एक से अधिक बार उल्टी करे
- बच्चा मलत्याग (पाखाना) न कर पाए
- चीरा अलग होने लगे
- चीरों आस पास नया रिसाव होने लगे
- बच्चे का पेट फूल जाए (भरा और सख्त) और दर्द हो
- बच्चे का दर्द उस दवा से नियंत्रित न हो पाए जो उसे लेने के लिए कहा गया था
- बच्चे को 100.8º फ़ारेनहाइट (F) या 38.2º सेल्सियस (C) से अधिक बुखार हो

**यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हों तो अपने डॉक्टर या नर्स से बात करें।**

© 2008 – January 17, 2023, Health Information Translations

Unless otherwise stated, user may print or download information from www.healthinfotranslations.org for personal, non-commercial use only. The medical information found on this website should not be used in place of a consultation with your doctor or other health care provider. You should always seek the advice of your doctor or other qualified health care provider before you start or stop any treatment or with any questions you may have about a medical condition. The Ohio State University Wexner Medical Center, Mount Carmel Health System, OhioHealth and Nationwide Children's Hospital are not responsible for injuries or damages you may incur as a result of your stopping medical treatment or your failure to obtain treatment.